## महत्वपूर्ण एवं खास

### सीजीपीएससी में सुधार आयोग बनेगा, छत्तीसगढ़ी में आएगा पेपर

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ सरकार सीजीपीएससी में सुधार आयोग का गठन करने जा रही है. विनियोग विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए राज्य के वित्त मंत्री ने यह घोषणा की है. उन्होंने कहा कि सीजीपीएससी परीक्षा प्रक्रिया में सुधार किया जायेगा. इसके लिए एक सुधार समिति का गठन किया जायेगा. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने यह भी कहा कि इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के युवाओं के हितों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि राज्य के युवाओं को यूपीएससी की तैयारी में लाभ मिल सके. उन्होंने कहा कि सीजीपीएससी में छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कृति पर आधारित प्रश्नपत्रों को शामिल किया जाएगा ताकि स्थानीय छत्तीसगढ़ी युवाओं के हितों की रक्षा की जा सके और सर्वोत्तम पारदर्शी मॉडल लागू किया जा सके। विभागीय सूत्रों की मानें तो जल्द ही आयोग का गठन किया जायेगा. इसके लिए विशेषज्ञों का चयन किया जायेगा. इनमें रिटायर आईएएस-आईपीएस भी शामिल हो सकते हैं. परीक्षा प्रक्रिया में सुधार के लिए यूपीएससी सलाहकारों से भी संपर्क किया जा रहा है। कांग्रेस शासनकाल में पीएससी चेयरमैन तमन सोनवानी के रिश्तेदारों के नौकरियों में चयन को लेकर भाजपा ने पीएससी में इस तरह के बदलाव करने का वादा किया था। विनियोग विधेयक एक तरह से वह विधेयक है जिसमें सरकार बजट के बाद जारी राशि को विभागों को सौंप देती है, यह खर्च करने की अनुमति के समान है. चर्चा के दौरान ओपी चौधरी ने कहा कि मोदी जी के आश्वासन के अनुरूप छत्तीसगढ़ राज्य को विकासशील से विकसित राज्य की ओर ले जाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार पूरी तरह से ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता, महिला) के लिए समर्पित है और इसके लिए बजट में विशेष प्रावधान किये गये हैं.

### घुमंतु भिक्षकों को रेस्क्यू कर भेजा गया पुनर्वास केंद्र

**रायपुर (आरएनएस)।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में आज समाज कल्याण विभाग और संगी मितान सेवा संस्थान द्वारा घुमंतु भिक्षकों के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रायपुर रेलवे स्टेशन में तीन भिक्षकों को रेस्क्यू किया गया और उन्हें भिक्षुक पुनर्वास केंद्र मोवा में पुनर्वासित किया गया। रेसक्यू अभियान के दौरान समाज कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक नदीम काजी, उप पुलिस अधीक्षक चंचल तिवारी, संगी मितान सेवा संस्थान भिक्षुक पुनर्वास केंद्र मोवा की ममता शर्मा मौजूद रही।

### कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता ईबीजेई 23 परीक्षा 3 को

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर के द्वारा आयोजित कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स), सहायक अभियंता (इलेक्ट्रिकल) ईबीजेई 23 परीक्षा 3 मार्च को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली सुबह 10 से दोपहर 12:15 बजे तक 29 परीक्षा केन्द्रों में एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से 4:15 बजे तक 08 परीक्षा केंद्रों में संचालित किया जायेगा। इस परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर उत्तम प्रसाद रजक को परीक्षा प्रभारी अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष देवांगन को नोडल अधिकारी और सहायक संचालक कौशल विभाग के केदार पटेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविड-19 महामारी के प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए सोशल डिस्टेसिंग, सेनेटाईजेशन, मास्क पहनना एवं अन्य सभी दिशा निर्देशो का पालन करना अनिवार्य होगा।

# उभरती हुई संभावनाओं का ज्यादा से ज्यादा उपयोग कर स्वरोजगार की तरफ बढ़ें युवा : वित्त मंत्री ओपी चौधरी

- कृषि को व्यवसायिक रूप देने के लिए अपने ज्ञान को खेतों और किसानों तक पहुंचाएं शिक्षा विद: वित्त मंत्री
- डीसेंट्रलाइज्ड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स के जरिए विकसित राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा छत्तीसगढ़: वित्त मंत्री
- वित्त मंत्री ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में नाबार्ड द्वारा आयोजित तीन दिवसीय तरंग एफपीओ मेला का किया शुभारंभ



रायगढ़। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आज इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में नाबार्ड द्वारा आयोजित तीन दिवसीय एफपीओ मेला का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति गिरीश चंदेल तथा नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक ज्ञानेन्द्र मणि भी उपस्थित थे। इस मेले के जरिए प्रदेश भर के किसान अपने उत्पादों के विक्रय तथा विपणन से संबंधित जानकारी हासिल कर सकेंगे और नई तकनीक की जानकारी हासिल कर अपने उत्पादों में वैल्यू एडिशन कर तथा नए एफपीओ बनाकर अपनी वित्तीय स्थिति मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

एफपीओ अर्थात किसान उत्पादक संगठन छोटी जोत आधारित कृषि को एक व्यवहारिक कृषि-व्यवसाय में बदलने और विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों की शुद्ध आय बढ़ाने के लिए एक प्रभावी तंत्र के रूप में उभर रहा है। छत्तीसगढ़ में खाद्य उत्पादन के क्षेत्र में 57 एफपीओ खाद्यान्न, फलों, सब्जियों और मसालों के उत्पादन जैसे विभिन्न गतिविधियों में लगे हुए हैं। इन एफपीओ की संख्या और बढ़ायी जा सके तथा इनके जरिए राज्य भर के किसान कृषि को फायदेमंद व्यवसाय बना सकें, इसलिए नाबार्ड द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय एफपीओ मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राज्य भर के 46 एफपीओ अपने उत्पादों के साथ हिस्सा ले रहे हैं।

एफपीओ मेला को संबोधित करते हुए ओपी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राज्य बनाने की बात कही है। यह तभी संभव है जब छत्तीसगढ़ भी विकासशील से विकसित बने। इसके लिए मुख्ययमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने बजट में अमृतकाल: छत्तीसगढ़ विजन @ 2047 की बात कही है जिसे 1 नवंबर 2024 को लांच किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बस्तर एवं सरगुजा जैसे क्षेत्रों मे विकास की काफी संभावनाएं हैं और इसके लिए बजट में डीडीपी अर्थात डीसेंट्रलाइज्ड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें तकनीक को बढ़ावा देना होगा और इसीलिए इस बजट में तकनीक को बढ़ावा देने के लिए 266 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

ओपी चौधरी ने कहा कि नाबार्ड के सहयोग से एफपीओ का काम बहुत अच्छा चल रहा है और इसके भीतर की असीम संभावनाओं को देखते हुए इसमें मछली पालन को भी शामिल करने की आवश्यकता है। ओपी चौधरी ने कहा कि कृषि आज की आवश्यकता और आजीविका वर्धन का बहुत सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि वह खुद भी एक किसान के रूप में केला, नारियल, कटहल, चीकू और सफेद चंदन की खेती कर रहे है और इसे व्यवसाय के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा कृषि की पढ़ाई कर रहे हैं। इन युवाओं को आने वाले समय मे उभरती हुई संभावनाओं का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना चाहिए ताकि कृषि को तकनीक से जोड़कर राज्य और देश की अर्थव्यवस्था को बेहतर करने के साथ ही रोजगार के नए अवसर भी प्रदान किया जा सके। युवाओं को अपने आत्मविश्वास, ज्ञान और समय के निवेश से स्वरोजगार की ओर बढने का प्रयास करना चाहिए।

## अयोध्या में श्रीराम मंदिर दर्शन के लिए मई में रवाना होगी चांपा से स्पेशल ट्रेन

- -नेपाल,चारधाम एवं अमरनाथ यात्रा के लिए समिति सदस्य जुटे
- -व्यवस्था के लिए अयोध्या/बनारस रवाना हुवे तीन सदस्यीय दल



**चांपा (आरएनएस)।** हसदेव यात्रा चांपा एवं चांपा सेवा संस्थान द्वारा श्रीराम एवं शिवभक्तों के लिए एक स्पेशल ट्रैन 19 मई 2024 को चांपा से मैहर, बनारस एवं अयोध्या श्रीराम मंदिर के लिए रवाना होगी जो 24 मई को चांपा वापस आयेगी। 500 वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के पश्चात श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पूजन के बाद भक्तों में के दर्शन के लिए जमकर उत्साह है.मंदिर के उद्घाटन के पश्चात भक्तों ने समिति सदस्यों से संपर्क कर अयोध्या की ट्रैन से श्रीराम मंदिर दर्शन कराये जाने की मांग लगातर करने लगे थे.श्रद्धालुओं के मंशानुरूप समिति ने अयोध्या में मंदिर दर्शन कराये जाने की पहल करते हुए यात्रा सम्बंधित तैयारी में जुट गए हैं।इसके लिए समिति के तीन सदस्यीय दल भृगुनंदन शर्मा, नवीन थवाणी और अनिल वीरानी ने रामजन्म भूमि तीर्थस्थल अयोध्या में श्रीराम मंदिर, बनारस में काशी विश्वनाथ ब मैहर में माँ शारदा दाई मंदिर परिसर में व्यवस्था का जायजा लेने रवाना हो चुके हैं।जो यात्रा में लगने वाली सभी जरूरी सुविधाओं की का निरीक्षण एवं अग्रिम बुकिंग कर जल्द चांपा वापस आयेंगे।

**ग्रीष्मकालीन अवकाश में कराया जायेगा श्रीराम मंदिर सहित प्रमुख तीर्थस्थलों का भ्रमण-** अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर दर्शन यात्रा को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है। विधिवत पूजन के साथ 1 मार्च को बंधन बैंक भालेराय मैदान चांपा स्थित समिति के कार्यालय से टिकट वितरण प्रारंभ कर दिया जाएगा।होली त्योहार,बोर्ड परीक्षा,लोकसभा चुनाव आचार संहिता और मार्च क्लोजिंग पश्चात समिति की पहली यात्रा 1 अप्रैल को अयोध्या, बनारस व नेपाल यात्रा दूसरी यात्रा मई में चारधामों, यमनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ हरिद्वार आदि प्रमुख तीर्थस्थलों का दर्शन के लिए रवाना होगी। यात्रा के तीसरे पड़ाव मई में श्रीराम मंदिर अयोध्या, मैहर, बनारस के स्पेशल ट्रेन और यात्रा के अंतिम चरण जुलाई में जम्मू कश्मीर स्थित बाबा बर्फानी (अमरनाथ गुफ़ा) व कश्मीर का दर्शन कराया जायेगा।

**चांपा ट्रैन की है विशेष महत्ता,सेवाभाव की होती है सर्वत्र प्रसंशा-** चांपा सेवा संस्थान के द्वारा संचालित ट्रैन में सेवाधारी की एक जबरदस्त टोली है जो पूरी यात्रा के दौरान ट्रैन की सभी बोगियों में जमकर सेवा करते हैं. ट्रैन में भक्तिमय माहौल बनाये रखने के लिए जागरण की टीम यात्रा दौरान कीर्तन भजन के साथ अनेक मनोरंजन के साधन यात्रा में शामिल रहते हैं।साथ ही यात्रा के दौरान डॉक्टर्स, सेवाधारी की टीम,लज़ीज व्यंजन बनाने वालों केटर्स की स्पेशल टीम सभी साथ रहते है ताकि यात्रा दौरान श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो.

## पार्टी में देर रात तेज आवाज में बज रही डीजे की जब्ती, डीजे बजाने वाले पर कोलाहल अधिनियम की कार्यवाई

**रायगढ़।** ध्वनि प्रदूषण पर कार्यवाही करते हुए जूटमिल पुलिस द्वारा दिनांक 29/02/2024 की रात्रि कबीर चौक, मंगल भवन में तेज आवाज में बज रहे डीजे साउंड सिस्टम की जप्ती कर कार्रवाई किया गया है।

थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज को पेट्रोलिंग के दौरान रात्रि करीब 10:45 बजे कबीर चौक के पास मंगल भवन पार्टी में तेज आवाज में डीजे बजाने की सूचना मिली। थाना प्रभारी हमराह प्रधान आरक्षक दिलदार कुरैशी को साथ लेकर मौके पर पहुंचे और डीजे बंद करा कर डीजे बजा रहे डमरू साहू पिता लक्ष्मण साहू उम्र 28 साल निवासी कबीर चौक रायगढ़ जूटमिल को नियमों का उल्लंघन करने की जानकारी देते हुए विधिवत नोटिस देकर अनावेदक डमरू साहू के कब्जे से 04 नग डीजे बॉक्स, एक नग एमप्लीफायर, एक नग डीजे मिक्सर, एक वीवो कंपनी का मोबाइल मय कनेक्टर वायर के जप्ती कर धारा 15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है।

## 3 मार्च को जन्म से 5 वर्ष के बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** देश में 03 मार्च को राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ आर निराला ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के सफलता के लिए जिले में आवश्यक सभी तैयारियॉ पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि भारत को पूर्व में ही पोलियो मुक्त देश घोषित किया जा चुका है तथापि बच्चों में पोलियो वायरस के खिलाफ प्रतिरक्षा बनाए रखने तथा भारत में पोलियोमुक्त स्थिति को बनाए रखने के लिए 03 मार्च 2024 को सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ निराला ने बताया कि अभियान के प्रथम दिन 03 मार्च को 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को निर्धारित पोलियो बूथ पर दवा पिलायी जाएगी। साथ ही दूसरे व तीसरे दिन 4 एवं 5 मार्च 2024 को टीम के सदस्यों द्वारा घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले के 1.73 हजार से अधिक 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो अभियान में ऑगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूल, उप स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, मेडिकल कॉलेज, पब्लिक सेक्टर के चिकित्सालयों, मातृ शिशु चिकित्सालयों, सार्वजनिक भवनों, हाट बाजारों, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैड, उच्च जोखिम क्षेत्रों, दूरस्थ बसाहटों में बनाए गए बूथों/ट्रांजिट टीम/मोबाईल टीमों के द्वारा पोलियो की दवा पिलाया जाएगा।

## गोदाम परिसर में जुआ खेल रहे 3 जुआरियों को साइबर सेल और जूटमिल पुलिस ने रेड कर पकड़ा, थाना जूटमिल में जुआ एक्ट की कार्यवाही

- जुआ फड से 32,450 रुपए, अल्टो कार और दो मोटर सायकल जब्त,



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर अवैध शराब, जुआ सट्टा पर साइबर सेल एवं थानों की टीम द्वारा मुखबिर लगाकर निगाह रखी जा रही है। इसी क्रम में कल गस्त दौरान (01 मार्च) मुखबिर सूचना पर थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में साइबर सेल और जूटमिल पुलिस द्वारा गढ़उमरिया केआईटी कॉलेज के सामने गोदाम परिसर में लाइट की रोशनी में कुछ लोगों के जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा जुआ रेड कार्यवाही किया गया। कुछ जुआरी पुलिस की घेराबंदी को देख भाग गये, मौके पर पुलिस पार्टी ने तीन जुआरी- (1) रौनक अग्रवाल पिता गोपाल अग्रवाल उम्र 32 वर्ष साकिन मिट्ठुमुडा कालिंदी कुंज थाना जूटमिल रायगढ (2) प्रकाश बेरिवाल पिता सुरेश बेरिवाल उम्र 36 वर्ष गांधीगंज थाना कोतवाली रायगढ़ (3) प्रशांत मिश्रा पिता सुखदेव मिश्रा उम्र 22 वर्ष गोपालपुर थाना चक्रधरनगर रायगढ़ को पकड़ा जिनके पास और फड से रु.32,450 तथा जुआ फड के पास जुआरियों की खड़ी दो मोटरसाइकिल और एक अल्टो कार की जप्ती की गई है। जुआरियों पर थाना जूटमिल में जुआ के तहत कार्यवाही किया गया है। जुआ रेड कार्यवाही में टीआई जूटमिल मोहन भारद्वाज, आरक्षक धनुर्जय चंद बेहरा, बंशीलाल रात्रे तथा साइबर सेल के आरक्षक पुष्पेंद्र जाटवर, प्रताप बेहरा, सुरेश सिदार शामिल थे।

## हाईवे किनारे गांजा बिक्री के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे दो आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों से 3 किलो गांजा और मोटरसाइकिल जब्त, जूटमिल पुलिस की कार्यवाही



**रायगढ़।** दिनांक 29/02/2024 के दोपहर थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में जूटमिल पुलिस द्वारा रायगढ़-खरसिया हाइवे पर अपेक्स हॉस्पिटल के सामने गांजा बिक्री के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा गया है। थाना प्रभारी जूटमिल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर में गांजा लेकर रायगढ़ की ओर बिक्री के लिए निकले हैं। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा कर थाने के स्टाफ को विभिन्न स्थानों पर आरोपियों पर निगाह रखने लगाया गया। जूटमिल पुलिस की एक टीम द्वारा दोपहर करीब 03.00 बजे काले रंग के मोटर सायकल में पिट्ठू बैग लिए बैठे दो संदिग्ध युवकों को अपेक्स हॉस्पिटल के सामने देखे और पूछताछ किया गया जो अपना नाम आकाश साह और पीछे बैठा व्यक्ति आफताब हुसैन दोनों निवासी झारसुगुडा उड़ीसा के रहने वाले बताएं जिन्हें कार्यवाही की जानकारी देकर तलाशी लेने पर संदेहियों के पिट्ठू बैग में तीन किलो गांजा बरामद हुआ। संदेहियों द्वारा अवैध बिक्री के लिए उड़ीसा से गांजा लेकर आना बताए। आरोपी 01. आकाश साह पिता जयकिशोर साह उम्र 26 वर्ष, 02. आफताब हुसैन पिता बरजू हुसैन उम्र 23 वर्ष दोनों साकिनान मेन रोड गंगा नगर वार्ड क्र. 4 थाना बृजराज नगर जिला झारसुगड़ा (उड़िसा) से 3 किलो गांजा 36000 रुपये और हिरो स्प्लेंडर प्लस मोसा क्र ओडी-23-जे-2394 को जप्त कर आरोपियों के कृत्य पर थाना जूटमिल में धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही की गई है। कार्यवाही में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज, सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र पटेल, नरेंद्र सिदार, आरक्षक धनुर्जय चंद बेहरा, संजय भूषण तिर्की, बंशीलाल रात्रे, कामता प्रसाद चौहान की विशेष भूमिका रही है।

## राजिम कुंभ कल्प के मंच पर स्थानीय कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी लोककला की प्रस्तुति देकर बढ़ाया मान

- कलाकार शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों से लूट रहे वाहवाही



**राजिम (आरएनएस)।** राजिम कुंभ के सांस्कृतिक मंच में प्रतिदिन कलाकारों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न जगहों से पहुंच कलाकार अपनी माटी की सौंधी महक को दूर तक बिखेर रहे हैं। आज सातवें दिन कुलेश्वर महादेव मंदिर के समीप बने मंच पर एक से बढक़र एक प्रस्तुति ने मन मोह लिया। कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति ग्राम बकली से नंद कुमार साहू एवं उनकी टीम ने राम की महिमा का बखान करते हुए कहा की रामनाम ही सत्य है, जिसके नाम की सुमिरन से ही भव से पार हो सकते है। इसलिए मोहमाया के बंधन से निकलकर मानवता के कल्याण का मार्ग अपनाएं, समस्त दुर्गुणों का त्याग करे और आत्मा को पवित्र करे इस नश्वर शरीर की चिंता न करें। भक्ति के लिए कुछ समय अवश्य निकाले। राम भजन कम नहीं करना... राम तोर शक्ति राम तोर भक्ति... मन गुनगुनाए राम...जैसे सुमधुर भक्तिमय भजनों के द्वारा दर्शकों के हृदय में राम भक्ति का संचार हुआ। मंच पर पंडवानी में महाभारत के विभिन्न प्रसंगों को कथा और गायन के माध्यम से बहुत ही भावपूर्ण रूप में व्यक्त की भामनी मानिकपुरी ने जिसे बहुत ही सराहना दर्शकों के मंच से मिला। रामायण में राम के संपूर्ण चरित्र को अपनाने और रामराज्य की कल्पना को साकार करने के मिलाप दीवान अरंड ने संदेश दिए। सुरेश सोनकर पारागांव की टीम ने जगराता में देवी के भजन तोला बंदव... तोला दुर्गा कहव की काली ..मोर गांव में के शीतला दाईकृभक्ति गीत से नवरात्र के माहौल बनाएं। लोककला के माध्यम से छत्तीसगढ़ी गीत ..माया होगे..कोसा के साड़ी ..पुन्नी के मेला घुमाहू,,, मोर बर ले दे न राजा लाली लुगरा... जैसे सुमधुर गीतों ने दर्शको को अंत तक बांधकर रखा। परमेंद्र कुमार के सुमधुर भजनों से दर्शक झूमने लगे। इसी मंच पर झाड़ी राम कोमा ने लोकनृत्य में छत्तीसगढ़ की झांकी प्रस्तुत की। जागृति सिन्हा की टीम ने स्वस्थ जीवनशैली के निर्माण में प्रतिदिन योग के महत्व को बताया। तिजिया बाई कुर्रा की टीम ने मानस भजन की शानदार प्रस्तुति दी। अहिरवारा से आए सूर्य प्रकाश ने मंगल भजन की प्रस्तुति दिया, जिसे दर्शकों का भरपूर स्नेह मिला। प्रभा यादव चंद्रखूरी ने पंडवानी में कौरव पांडव के बीच हुए युद्ध का वर्णन किया। बिरेझर से पहुंचे हेमा साहू एवं उनकी टीम ने बहुत ही सुंदर तरीके से देश भक्ती भक्ती पूर्ण गीतों पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति से दर्शकों को गुनगुनाने के लिए विवश किए।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU